NBT PAGE 4

आज से डाउनलोड होंगे प्रवेशपत्र

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 30 को, दो पालियों में होगी परीक्षा

■ एनबीटी, लखनऊः संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के अभ्यर्थी शुक्रवार से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थियों को www.lkouniv.ac.in/article/en/bed-2021 पर दिए लिंक से 28 जुलाई तक प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की सलाह दी गई है, ताकि 30 जुलाई को परीक्षा के दिन कोई असुविधा न हो।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा एलयू समेत सभी जिलों में करवाई जाएगी। इस बार 5,91,305 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। हर प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होंगे। सभी प्रश्न दो अंकों के रहेंगे। निगेटिव मार्किंग भी होगी।

आर्ट्स कॉलेज के छात्र भी यूडीआरसी पोर्टल पर जमा कर सकेंगे फीस

■ एनबीटी, लखनऊः ललित कला संकाय के विद्यार्थी भी अब एलयू के यूडीआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा कर सकेंगे। एलयू में यूजी-पीजी और अन्य कोर्सों के स्टूडेंट्स को 2017-18 से यह सुविधा मिल रही है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब बीवीए और बीएफए के दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के साथ विजुअल आर्ट्स के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के छात्र भी पोर्टल पर फीस जमा कर सकेंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आज से परीक्षा, 45 मिनट पहले मिलेगा प्रवेश

लविवि : बदले पैटर्न व सिटिंग प्लान से होगा एग्जाम, कोरोना गाइड लाइन का सख्ती से कराया जाएगा पालन

माई सिटी रिपोर्टर

03 पालियों में होगी परीक्षा

01 घंटे का होगा पेपर

गुरुवार को लविवि कैंपस पहुंचे छात्र।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीटेक, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए, बीसीए, स्नातक, परास्नातक के बीजेएमसी, आदि की जून सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 जुलाई से शुरू हो रही हैं। शुक्रवार को बीबीए, बीसीए और बीटेक की परीक्षाएं सीतापुर रोड स्थित न्यू कैंपस में शुरू हो रही हैं। छात्रों को परीक्षा से पौन घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा।

इन सभी विषयों की परीक्षाएं जून में प्रस्तावित थीं, लेकिन कोरोना की वजह से स्थगित कर दी गई थीं। अब शुक्रवार से ये सोशल डिस्टेंसिंग व बदले सीटिंग प्लान के साथ शुरू हो रही हैं। यही नहीं पेपर का पैटर्न भी बदल कर एक घंटे का कर दिया गया है। लविवि के प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि छात्र परीक्षा से पौन घंटे पहले मास्क व सैनिटाइजेशन के साथ प्रवेश कर सकेंगे। सुबह की पाली आठ बजे शुरू होगी। सवा सात बजे से छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। दूसरी पाली में पूर्वाह्न 11 से दोपहर 12 बजे और तीसरी पाली में दोपहर तीन से चार बजे तक परीक्षा होगी। लविवि के ओल्ड कैंपस में परीक्षा अगले सप्ताह से शुरू होगी। ओल्ड कैंपस में गेट संख्या एक, दो, चार और पांच से छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। जबकि परीक्षा ड्यूटी में लगे शिक्षक व स्टाफ गेट संख्या एक, दो और चार से प्रवेश करेंगे।

प्रवेश से पहले चेकिंग होगी। छात्रों के मोबाइल, बैग या अन्य कोई पाठ्य सामग्री गेट पर ही रखवा ली जाएगी। इसकी जिम्मेदारी विवि प्रशासन की नहीं होगी। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए छात्रों को एक-एक प्रवेश दिया जाएगा और परीक्षा समाप्त होने पर एक-एक कर ही बाहर निकाला जाएगा।

34 केंद्रों पर होगी बीएड की सेमेस्टर परीक्षा

लविवि की बीएड जून सेमेस्टर की परीक्षा शहर में 34 केंद्रों पर होगी। इसमें लखनऊ यूनिवर्सिटी, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, काली चरण डिग्री कॉलेज, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लाला मुंशी मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट कॉलेज, महिला महाविद्यालय, आईटी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज, नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस, कैरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, लखनऊ डिग्री कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज, रमा डिग्री कॉलेज, एसकेडी एकेडमी, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, वीर बहादुर सिंह महिला विद्यालय, टेकभनो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, बासुदेव डिग्री कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन, आरएएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन और रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

लविवि : छात्रवृत्ति के लिए 20 से आवेदन

लखनऊ। लविवि के छात्र छात्रवृत्ति के लिए 20 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्र www.scholarship.up.nic.in पर आवेदन कर सकेंगे। अंतिम तिथि 21 अक्तूबर है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस बारे में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के ऐसे छात्र जिनके अभिभावक की वार्षिक आय दो लाख रुपये है, वे आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्र जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये है वे भी शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म भरने के बाद सभी प्रमाण सहित इसे संबंधित विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष से प्रमाणित कराना होगा। इसका एक प्रिंट लविवि के सीपीएमटी भवन के छात्रवृत्ति काउंटर पर जमा करना है। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE I

तीन हिस्सों में बंटेगा कला संकाय

कला संकायाध्यक्ष ने विभागाध्यक्षों एवं समन्वयकों के साथ बैठक में लिए सुझाव

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय को तीन हिस्सों में विभाजित करने की तैयारी शुरू हो गई है। गुरुवार को अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. प्रेम सुमन शर्मा ने संकाय के अधीन संचालित सभी विभागाध्यक्षों एवं समन्वयकों की बैठक बुलाई, जिसमें तैयार किए गए प्रस्ताव पर सुझाव लिए गए। शिक्षकों के मुताबिक संकाय का विभाजन तीन फैकल्टी के रूप में होगा।

दरअसल, लविवि के कला संकाय के अधीन 28 विभाग संचालित हैं। इनकी निगरानी के लिए डीन तैनात है। अब इस संकाय को तीन हिस्सों में विभाजित करने पर विचार किया गया है। इनमें कला एवं मानविकी संकाय, समाज विज्ञान संकाय और भाषा एवं साहित्य संकाय बनेगा। तीनों के अलग-अलग डीन होंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक मार्च 2020 में एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक हुई थी, जिसमें विश्वविद्यालय के एकेडमिक री-स्ट्रक्चर पर चर्चा हुई थी। उस समय तीन कुलपतियों की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी थी। उनके सुझाव के आधार पर डीन की एक और कमेटी बना दी गई, लेकिन फिर कोरोना की वजह से सब प्रक्रिया रुक गई। कला संकाय में 28 विभाग हैं। इसलिए बैठक के माध्यम से संकाय विभाजन का जो भी प्रस्ताव होगा, उस पर विचार किया जाएगा। हालांकि, लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) के अध्यक्ष डा. विनीत कुमार वर्मा ने इसका विरोध किया है।

इस तरह तय होगी फैकल्टी और विभाग

समाज विज्ञान संकाय
समाज शास्त्र विभाग, समाज कार्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, मनोविज्ञान विभाग, मानव विज्ञान विभाग, महिला अध्ययन, भूगोल, पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग आदि।

कला एवं मानविकी संकाय
दर्शनशास्त्र, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, ज्योतिर्विज्ञान, सैन्य विज्ञान आदि।

भाषा एवं साहित्य संकाय
अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, फ्रेंच, जर्मन, रशियन, भाषा विज्ञान, अरेबिक, पार्शियन, संस्कृत आदि।

बीवीए, बीएफए के छात्रों की भी आनलाइन जमा होगी फीस

लखनऊ विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के छात्र-छात्राओं की फीस भी अब यूडीआरसी पोर्टल पर आनलाइन जमा होगी। अभी तक यह सुविधा आफलाइन थी। बीवीए (बैचलर आफ विजुअल आर्ट्स) और बीएफए (बैचलर आफ फाइन आर्ट्स) के दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के साथ-साथ विजुअल आर्ट्स दूसरे और चौथे सेमेस्टर में मास्टर्स के छात्रों को भी आनलाइन की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय ने गुरुवार को छात्रों के लिए निर्देश जारी किए हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र-छात्राओं को यूडीआरसी पोर्टल पर अपना प्रोफाइल बनाना होगा। पहले चरण में छात्रों को प्रवेश के समय जारी अपने विश्वविद्यालय रोल नंबर का उपयोग करके पंजीकरण करना होगा। फार्म भरने के समय उनके द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नंबर पर एक सत्यापन कोड मिलेगा। यदि छात्र का मोबाइल नंबर बदल जाता है तो वे इसे अपडेट कराने के लिए डीन, ललित कला संकाय से संपर्क कर सकते हैं।

8 अक्षरों का कम से कम होना चाहिए पासवर्ड

दूसरे चरण में छात्रों को सत्यापन कोड दर्ज करके अपना खुद का पासवर्ड बनाना होगा। पासवर्ड में कम से कम आठ अक्षर होने चाहिए, जिसमें कम से कम एक कैपिटल, एक छोटा अक्षर और एक नंबर हो। तीसरे चरण में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

सात दिन में पास करके देना होगा न्यूनतम समान पाठ्यक्रम

लविवि शिक्षक संघ (लूटा) के विरोध के बीच गुरुवार को प्रशासन ने सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को न्यूनतम समान पाठ्यक्रम का सिलेबस सात दिनों के अंदर संस्तुति के साथ उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया है। इस पर लूटा ने कड़ी आपत्ति जताई है।

दरअसल, राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत न्यूनतम समान पाठ्यक्रम लागू करने के लिए कहा है। इसके लिए शासन ने शासन के आदेश पर कुलसचिव ने सभी विभागों को जारी किए निर्देश, लखनऊ विवि शिक्षक संघ ने जताई कड़ी आपत्ति

कुलसचिव को पत्र जारी किया। उसी आधार पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया, जिसमें कहा गया कि कुलपति के आदेशानुसार सभी विभाग व संकाय अपने-अपने यहां से संस्तुति के साथ प्रस्ताव कार्यालय में सात दिनों के अंदर उपलब्ध कराएं।

लूटा अध्यक्ष डा. विनीत कुमार वर्मा का कहना है कि सरकार न्यूनतम समान पाठ्यक्रम को लागू करने का दबाव बना रही है। उसी आधार पर कुलसचिव ने सात दिन का समय देते हुए इसे पारित करने के लिए कहा है। उनके मुताबिक कुलपति चाहें तो इसे पास कर दें। शिक्षकों पर दबाव न बनाया जाए।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू बीएड प्रवेश परीक्षा में सतर्कता बरतने के लिए उठा रहा है कई कड़े कदम

अभ्यर्थियों को देंगे कोरोना किट

प्रवेश परीक्षा

30 जुलाई को प्रदेश के 75 जिलों में प्रस्तावित है बीएड की प्रवेश परीक्षा

05 लाख 91 हजार 305 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे प्रवेश परीक्षा में

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2021 के अभ्यर्थियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए कोविडरोधी किट दी जाएगी। इस किट का प्रयोग कर अभ्यर्थी स्वयं को सुरक्षित रख सकेंगे। बीएड की प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को प्रदेश के 75 जिलों में प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा में 5 लाख 91 हजार 305 छात्र शामिल होंगे। जिनमें सबसे ज्यादा 306205 अभ्यर्थी कला वर्ग से हैं।

इसके साथ ही 232594 अभ्यर्थी विज्ञान वर्ग, 45066 अभ्यर्थी वाणिज्य वर्ग एवं 9420 अभ्यर्थी कृषि वर्ग से हैं। सबसे ज्यादा अभ्यर्थी प्रयागराज से हैं।

इस वर्ष संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2021 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय करा रहा है। परीक्षा दो पलियों में सुबह नौ से 12 एवं दोपहर दो से पांच बजे तक होगी।

परीक्षा के लिए 1476 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कोरोना प्रोटोकाल के चलते कुछ अभ्यर्थियों को प्रथम विकल्प आवंटित नहीं हो सका है, उन्हें उनके द्वारा दिये गये द्वितीय अथवा तृतीय विकल्प के जनपद में केन्द्र आवंटित किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि अभ्यर्थियों की सुरक्षा को देखते हुए केन्द्रों पर सैनेटाइजनेशन की भी पूरी व्यवस्था रहेगी। पूरी कोशिश की जाएगी कि अभ्यर्थियों को संक्रमण न हो। छात्रों की सुविधा को देखते हुए ही एलयू ने अपना परीक्षा कार्यक्रम भी संशोधित कर दिया था। बता दें कि इस बार भी बीएड प्रवेश परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय से एक घंटा पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा ताकि जरूरी कार्रवाई पूरी की जा सकें।

आज से डाउनलोड करें प्रवेश पत्र, लिंक जारी

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थी 16 जुलाई से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। गुरुवार को एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए बनाए गए लिंक को क्लिक कर इसका उद्घाटन किया। प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने सभी अभ्यर्थियों को 28 जुलाई तक प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का अभ्यर्थी अच्छे से अध्ययन कर लें और उसी के अनुसार परीक्षा में शामिल हों। निर्देशों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है।

> बीएड परीक्षाओं को न सिर्फ सफल बल्कि सुरक्षित रूप से करवाना है। इसके लिए हमने योजना बनायी है कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को कोविडरोधी किट दी जाए। कोविडरोधी किट में फेस शील्ड, दो पालियों के लिए दो मास्क, सीट और अन्य चीजों को साफ रखने लिए नैपकिन, सैनिटाइजर आदि शामिल रहेगा।
> **प्रो. आलोक कुमार राय**, कुलपति, लखनऊ विवि

बीएड सेमेस्टर परीक्षाएं 34 केन्द्रों पर होंगी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों की सूची गुरुवार को जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि एलयू समेत 34 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

ये हैं परीक्षा केंद्र

एलयू, डीडीयू गर्ल्स, जेएनपीजी, कालीचरण महाविद्यालय, करामत डिग्री कॉलेज, महाराजा बिजली पासी कॉलेज, आईटी कॉलेज, नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस, करियर कान्वेंट कॉलेज, हीरा लाल यादव डिग्री कॉलेज, चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, लखनऊ डिग्री कॉलेज, क्रिश्चियन कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, एसकेडी एकेडमी, इरम गर्ल्स कॉलेज, वीर बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, बासुदेव डिग्री कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन, आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कॉलेज, महिला महाविद्यालय।

लखनऊ विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षाएं आज से

न्यू कैम्पस

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

तीन महीने के बाद एक बार फिर से छात्र-छात्राओं का आगमन लखनऊ विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में होगा। विवि और महाविद्यालयों में कोविड प्रोटोकॉल के साथ अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। कोविड की दूसरी लहर के बाद अप्रैल, मई और जून में लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही महाविद्यालयों में भी शिक्षण कार्य बंद था।

शासन के आदेश के बाद अन्तिम सेमेस्टर और अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं कराने की अनुमति मिली। अब परीक्षा के लिए छात्र-छात्राएं तीन महीने बाद कैम्पस में कदम रखेंगे और एक बार फिर रौनक देखने को मिलेगी।

बीसीए, बीटेक की परीक्षाएं आज से

कोविड गाइडलाइन के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। 16 जुलाई को परीक्षा के पहले दिन एमबीए, बीसीए, बीटेक और बीबीए के प्रश्न पत्र ऑफलाइन मोड पर बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र (एमसीक्यू) प्रणाली के आधार पर होंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने कहा कि कोविड गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। बिना मास्क के छात्रों को परीक्षा नहीं देने की जाएगी। सभी परीक्षाएं एलयू न्यू कैम्पस में होंगी।

आज के पेपर

- एमबीए चतुर्थ सेमेस्टरः दोपहर 12 से 1 बजे तक
- बीबीए छठा सेमेस्टर, कम्प्यूटर एप्लीकेशन-3, (एमएस) इंकम टैक्स लॉ एण्ड अकाउण्ट, एमबीए (पांच वर्षीय) इंट्रोडक्शन टू एचआरएम : दोपहर 3 से 4 बजे तक
- बीटेक आठवां सेमेस्टरः सुबह 8 से 9 बजे तक
- बीसीए छठा सेमेस्टरः सुबह 8 से 9 बजे तक

छात्रवृत्ति के लिए 20 जुलाई से आवेदन

एलयू में छात्र-छात्राएं 20 जुलाई से 21 अक्तूबर तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के ऐसे छात्र जिनके माता-पिता की वार्षिक सकल आय 2 लाख रुपए एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऐसे छात्र जिनके माता-पिता की वार्षिक सकल आय ढाई लाख रुपए तक हो वह छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को scholarship.up.nic.in पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना होगा।

फाइन आर्ट्स में भी ऑनलाइन फीस

लखनऊ। लविवि के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्र भी अब यूडीआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। कुलपति प्रो. आलोक राय ने इन छात्रों को भी सुविधा प्रदान कर दी है। अभी तक ललित कला के बीवीए, बीएफए व विजुअल आर्ट्स के मास्टर के छात्र कॉलेज में मैनुअली फीस जमा करते आ रहे थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

हॉस्टल आ सकती हैं शोध छात्राएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की गोल्डन जुबिली महिला छात्रावास की शोध छात्राएं 16 जुलाई से हॉस्टल में आकर रह सकती हैं। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्राएं इसके लिए प्रोवोस्ट से संपर्क कर सकती हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

आज से बीबीए, बीसीए और बीटेक के सेमेस्टर एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी के एग्जाम में पहुंचना होगा 45 मिनट पहले

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(15 July): एलयू में आज से बीबीए, बीसीए, बीटेक और एमबीए के सेमेस्टर एग्जाम शुरू होंगे. फर्स्ट शिफ्ट में बीसीए और बीटेक का एग्जाम सुबह आठ बजे से नौ बजे तक कराया जाएगा. इस शिफ्ट में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को सुबह 7.15 बजे से एडमिट कार्ड देखकर कैंपस में प्रवेश दिया जाएगा. इस संबंध में गुरुवार को चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने आदेश जारी किए हैं.

26 सौ के करीब स्टूडेंट्स

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीसीए (ओल्ड, न्यू कोर्स) लास्ट सेमेस्टर और बीटेक के एग्जाम सुबह आठ से नौ बजे तक होंगे. बीसीए के एग्जाम के लिए चार और बीबीए, बीबीए आइबी, बीएमएस एग्जाम सात केंद्रों पर होगा. एमबीए सेमेस्टर एग्जाम दोपहर 12 से एक बजे और बीबीए सिक्सथ सेमेस्टर का एग्जाम दोपहर तीन से चार बजे तक होगा. सुबह की पाली में 1,498 और शाम की पाली में 1,271 परीक्षार्थी शामिल होंगे.

परीक्षार्थियों को गेट नंबर एक, दो, चार और पांच से प्रवेश दिया जाएगा. वे अपने साथ कोई पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन, बैग आदि नहीं ला सकेंगे.

ऑनलाइन जमा करें फीस

लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स यूआरडी पोर्टल पर फीस ऑनलाइन जमा कर सकते हैं. अभी तक उनकी फीस कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट में मैनुअली जमा की जाती थी. अब बीवीए और बीएफए के स्टूडेंट्स संग विजुअल आर्ट्स सेमेस्टर में मास्टर्स के स्टूडेंट्स भी पोर्टल पर फीस जमा कर सकते हैं.

आज से डाउनलोड होंगे प्रवेश पत्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 30 जुलाई को होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2021-23 के प्रवेश पत्र गुरुवार शाम को अपनी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दिए। इसका शुभारम्भ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसके लिए बनाए गए लिंक पर क्लिक करके किया। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी 16 जुलाई से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए 28 जुलाई तक मौका दिया गया है, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।

प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की डाउनलोड की हुई दो प्रतियां, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र में से कोई एक फोटोयुक्त वैध परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र की फोटो लगी हुई हस्ताक्षरित प्रति परीक्षा कक्ष निरीक्षक के पास जमा करनी होगी, जिसमें अभ्यर्थी वही फोटो लगाएगा जो उसने आनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड की है। इसके बिना अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन अभ्यर्थियों को लेखन सहायक के लिए प्रवेश परीक्षा के एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्र के अध्यक्ष से संपर्क करना होगा। प्रवेश परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होगी।

परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर पर रोक: परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, पेजर अथवा अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण लाना अनुचित माना जाएगा। पकड़े जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से तुरंत निष्कासित कर दिया जाएगा। उसकी परीक्षा भी निरस्त कर दी जाएगी।

बीएड प्रवेश परीक्षा

- प्रवेश परीक्षा में होगी निगेटिव मार्किंग
- लविवि के कुलपति ने किया लिंक का शुभारंभ

काउंसिलिंग से पहले देनी होगी अंक तालिका

ऐसे अभ्यर्थी जिनकी अर्हता परीक्षा का परिणाम प्रवेश परीक्षा के समय तक नहीं निकला है और वे प्रवेश परीक्षा में सफल होते हैं तो काउंसिलिंग शुरू होने की तिथि से पहले उनके पास मूल अर्हता परीक्षा की मूल अंक तालिका अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। मूल अंक तालिका को अभ्यर्थी को वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों को ठीक से पढ़ लें।

लखनऊ विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ वरमाउंट के बीच में बनेगा कल्चर ब्रिज, जल्द साइन होगा एमओयू

लखनऊ और अमेरिकी छात्र साझा करेंगे सांस्कृतिक विरासत

लखनऊ | जावेद मुस्तफा

यूएस के छात्र लखनऊ के रहन सहन के साथ ही अदब और संस्कृति से रूबरू होंगे वहीं लखनऊ के छात्र यूएस की जीवनशैली से परिचित होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय और यूएस के वरमाउण्ट स्टेट की यूनिवर्सिटी ऑफ वरमाउण्ट के बीच कल्चर ब्रिज कार्यक्रम शुरू होने वाला है। एमओयू साइन होते ही दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ ही शिक्षक भी दूसरे देश जाएंगे इस तरह सांस्कृतिक परम्पराओं का आदान प्रदान शुरू हो सकेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्लू) प्रो. पूनम टण्डन इन दिनों फुलब्राइट नेहरू अकादमिक और प्रोफेशन क्लेक्स अवार्ड के तहत वरमाउण्ट विश्वविद्यालय में शोध कर रही हैं। जहां पर लखनऊ विश्वविद्यालय और वरमाउण्ट विश्वविद्यालय के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए बात अन्तिम चरण में हैं। एमओयू साइन होना है। जो अगले कुछ दिनों में हो जाएगा।

प्रो. पूनम टण्डन ने कहा कि वरमाउण्ट कोविड फ्री स्टेट है। यहां 80 फीसद लोग वैक्सीनेटेड हैं। इसलिए एमओयू साइन होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पहले यहां आएंगे। इसके बाद वरमाउण्ट के छात्र-छात्राओं का दल लखनऊ आएगा।

दोनों विश्वविद्यालयों का इतिहास पुराना: पूनम टंडन

डीएसडब्लू प्रो. पूनम टण्डन ने वरमाउंट से बात करते हुए बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय और वरमाउण्ट यूनिवर्सिटी का इतिहास पुराना है। जहां लखनऊ विश्वविद्यालय सौ से साल ज्यादा पुराना है तो वहीं वरमाउंट विश्वविद्यालय का इतिहास 200 साल से भी ज्यादा पुराना है। इसलिए दोनों ही विवि के छात्रों को काफी रोचक चीजें कल्चर ब्रिज के माध्यम से आदान प्रदान करने का मौका मिलेगा। लखनऊ का संगीत, हैरिटेज, जुबान, चिकनकारी, पकवान के साथ ही अदब और साहित्य की एक लम्बी शृंखला है जो यूएस के छात्रों को भाएगी। वहीं वरमाउण्ट का हैरिटेज और राज्य को हरा भरा रखने के साथ ही संगीत व स्ट्रीट फूड समेत रहन-सहन व पहनावा लखनवी छात्रों को रोमांचित करेगा।

THE PIONEER PAGE 3

Students of Fine Arts can also deposit fees online now

Lucknow (PNS): Students of the main Lucknow University campus have been depositing their fees online on the UDRC portal since the 2017-18 session and now this facility is also being extended to students of the Faculty of Fine Arts.

According to LU spokesperson Durgesh Srivastava, the vice-chancellor took the decision in the interest of students. "Till now, these students used to deposit fees at the College of Fine Arts. Now, all the students of BVA and BFA who are in Semester II, IV and VI as well as the students of Masters in Visual Arts (Semester II and IV) can also deposit their fees on the UDRC portal," he said.

Srivastava said these students have to create their profile on the UDRC portal. Students have to register using their university roll numbers issued at the time of admission. They will receive verification codes on their registered mobile numbers. In case the mobile numbers of students have been changed, they can contact the dean of the Faculty of Fine Arts to get it updated. The students have to create their own password by entering the verification code. It will be followed by profile updating and editing.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

बीसीए व बीटेक की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में शुक्रवार से अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाओं का आगाज हो रहा है। लविवि में पहले दिन शुक्रवार को बीसीए व बीटेक की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। हालांकि सोशल डिस्टेंसिंग के साथ परीक्षा कराना लविवि प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण होगा, जिसे देखते हुए लविवि प्रशासन ने परीक्षा के दौरान कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने के लिए कमर कस ली है, जिसकी लगभग समस्त तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसके लिए परीक्षा नियंत्रक प्रो. ए.एम. सक्सेना ने भी कोरोना प्रोटोकाल से जुड़े दिशा-निर्देश जार कर दिए हैं। इसके तहत परीक्षा केन्द्रों पर संस्थान द्वारा पर्याप्त सेनिटाइजेशन की व्यवस्था की जाए। प्रवेश द्वार पर हाथों को कीटाणु रहित करने के लिए एल्कोहल युक्त सेनिटाइजर का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्रों के प्रवेश एवं परीक्षा के समय उनके द्वारा मास्क/फेस कवर का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराया जाए। ऐसे व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि छात्रों की अधिक संख्या में उपस्थिति के दृष्टिगत एक ही स्थान पर भीड़ न हो। सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों को सुनिश्चित करते हुए छात्रों को बैठने की व्यवस्था पर्याप्त कक्षों में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार की जाए। छात्रों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए छात्रों को परीक्षा प्रार